Roll No. ...................................
Signature of Invigilator ………………………

**Paper Code**
**BPE-CC-01**

# पतंजलि विश्वविद्यालय

# University of Patanjali

**Examination Dec. – 2017**

**Bachellor of Physical Education & Sports (Semester: First)**

**BPES**

## Compulsory Course Hindi

**Time: 3 Hours** **Max. Marks: 75**

**नोट :** यह प्रश्नपत्र पचहत्तर (75) अंकों का है जो तीन (03) खंडों क, ख, तथा ग में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों को हल करना है।

### खण्ड–क
### (दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में पांच (05) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पंद्रह अंक निर्धारित हैं। किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(3×15=45)**

**1.** हिन्दी साहित्य का काल विभाजन समझाते हुए मध्यकाल का वर्णन कीजिए।

**2.** ध्वनि किसे कहते हैं? हिन्दी व्यंजन ध्वनियों की संख्या एवम् प्रकारों का वर्णन कीजिए।

**3.** वाक्य विन्यास से क्या तात्पर्य है? वाक्य के विभिन्न भेद लिखिए।

**4.** 'विराम चिह्न' क्या हैं? हिन्दी में प्रयुक्त विभिन्न विराम चिह्नों का परिचय, आवश्यकता, स्थान एवम् प्रयोग के आधार पर दीजिए।

**5.** निबन्ध के तत्त्व लिखते हुए इसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालिए।

### खण्ड–ख
### (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में छः (06) लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए पांच अंक निर्धारित हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। **(4×5=20)**

1. मात्राओं की दृष्टि से स्वरों के भेद लिखिए।
2. रचना की दृष्टि से वाक्यों का वर्गीकरण दीजिए।
3. वर्तनीगत अशुद्धियों के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख कीजिए।
4. मुहावरे व लोकोक्तियों में क्या अन्तर है? सोदाहरण समझाइए।
5. निकटार्थी एवम् समानार्थी शब्दों में क्या अन्तर है? उदाहरण देकर समझाइए।
6. 'हिन्दी साहित्य का आदिकाल' विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड-ग
## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस(10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिए गये हैं, प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है। इस खण्ड के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं। **(10×01=10)**

1. हिन्दी साहित्य में 'प्रयोगवाद' के जनक हैं ..........
   (अ) यशपाल (ब) अज्ञेय
   (स) जैनेन्द्र (द) प्रेमचन्द्र
2. अपभ्रंश का काल माना जाता है ..........
   (अ) 1500 ई. पू. से 1000 ई. पू. (ब) 1000 ई. पू. से 1 ई.
   (स) 500 ई. से 1000 ई. (द) 1 ई. से 500 ई.
3. स्वरों की संख्या है ........................................
   (अ) 11 (ब) 13
   (स) 10 (द) 18
4. 'त' ध्वनि है ......................................................
   (अ) दन्त्य (ब) ओष्ठ्य
   (स) दन्तोष्ठ्य (द) तालव्य
5. हिन्दी में कारकों की संख्या है .....................
   (अ) आठ (ब) सात
   (स) छः (द) दस
6. 'उसने विद्यार्थी को पुस्तक दी' में विद्यार्थी है ..........
   (अ) अपादान कारक (ब) सम्प्रदान कारक
   (स) सम्बन्ध कारक (द) कर्त्ता कारक
7. 'विद्यार्थी पढ़ता है' में क्रिया है ..........................................
   (अ) पूर्वकालिक (ब) प्रेरणार्थक
   (स) सकर्मक (द) अकर्मक
8. अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद हैं ............................
   (अ) चार (ब) छः
   (स) आठ (द) दस
9. इनमें से 'योगरूढ़' शब्द है ................................................
   (अ) 'खग' (ब) 'समुद्र'
   (स) 'घुड़सवार' (द) 'धर्मनिष्ठ'
10. 'चिन्तामणि' किसके निबन्धों का संग्रह है .................
    (अ) आ. हजारी प्रसाद द्विवेदी (ब) आ. रामचन्द्र शुक्ल
    (स) बाबू श्यामसुन्दर दास (द) रामदरश मिश्र

--------------x--------------